# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (28.01.2025)**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:28.01.2025, PAGE-05

# 30 जनवरी को जारी होगी पीजी की पहली मेरिट लिस्ट

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में पीजी की पहली मेरिट लिस्ट 30 जनवरी को जारी होगी। डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि आवेदन आने के बाद मेरिट लिस्ट बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। यूएमआईएस को मेरिट लिस्ट बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पीजी की 11 हजार सीटों के लिए 25 हजार 600 आवेदन आये हैं। सबसे ज्यादा आवेदन इतिहास विभाग में आये हैं। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि मेरिट लिस्ट बनाने के बाद दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। रोस्टर के अनुसार पीजी की मेरिट लिस्ट बनाई जायेगी। पीजी में सबसे ज्यादा आवेदन पीजी विभागों के लिए आये हैं। मेरिट लिस्ट में कटअफ भी तैयार किया जायेगा। लिस्ट में यह देखा जायेगा कि छात्रों को उनके बगल का कॉलेज मिले ताकि उन्हें कक्षा करने में सहूलियत हो सके।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:28.01.2025, PAGE-04


# छात्रों की डिग्री की समस्या का होगा समाधान: वीसी

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। गणतंत्र दिवस पर बीआरएबीयू में कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने 100 फीट ऊंचे तिरंगे को फहराया। उन्होंने कहा कि विवि में छात्रों की सर्टिफिकेट संबंधी समस्या जल्द खत्म होगी। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि वीसी के मार्गदर्शन में बिहार विवि आगे बढ़ रहा है।

गणतंत्र दिवस के मौके पर बीआरएबीयू का पहला कुलगीत भी लांच किया गया। मौके पर रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्ण, प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय, डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह, सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह व डीओ रमेश विश्वकर्मा मौजूद रहे।

बीआरएबीयू के अलावा एलएस कॉलेज में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने झंडा फहराया। इस मौके पर एनसीसी के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम में प्रो. एसआर चतुर्वेदी, प्रो. पुष्पा कुमारी, डॉ. नवीन कुमार मौजूद रहे। आरबीबीएम कॉलेज में प्राचार्य प्रो. ममता रानी ने झंडा फहराया। इस मौके पर छात्राओं ने आदिवासी नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। इस मौके पर डॉ. चेतना वर्मा, डॉ. अशोक निगम, डॉ. मीनू मौजूद रहीं। आरडीएस कॉलेज में प्राचार्य प्रो. अनीता सिंह, एमडीडीएम कॉलेज में प्राचार्य प्रो. कनुप्रिया, एलएनटी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, रामेश्वर कॉलेज में प्राचार्य प्रो. व्यास नंदन शास्त्री, एमपी सिन्हा साइंस कॉलेज में प्राचार्य प्रो. नलिन विलोचन, एमएसकेबी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. लोकमान्य रविंद्र प्रताप ने झंडा फहराया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:28.01.2025, PAGE-09

# कुलपति ने बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में किया झंडोत्तोलन

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर दिनेश चंद्र राय ने झंडोत्तोलन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन साहब ने बाबासाहेब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रगान के समय ललित नारायण तिरहुत महाविद्यालय के नेशनल कैडेट कोर के कैडेट्स ने कुलपति और मुख्य अतिथि सैयद शाहनवाज हुसैन को गार्ड आफ आनर दिया। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय में स्थापित 100 फीट के राष्ट्रध्वज को फहराया जो हम सभी को शौर्य और स्वाभिमान की प्रेरणा देता है। यह राष्ट्रीय ध्वज विश्वविद्यालय में स्थापित पंजाब नेशनल बैंक की ओर से दिया गया है। मौके पर प्रो. आलोक प्रताप सिंह, सीसीडीयी प्रोफेसर मधु सिंह और कुलसचिव प्रोफेसर अपराजिता कृष्ण के अलावा कई अन्य लोग शामिल थे।



बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में झंडोत्तोलन करते कुलपति। ● जागरण

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 28.01.2025, PAGE-04

## एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के रूप में नौ का चयन

**मुजफ्फरपुर**. बीआरएबीयू के अलग-अलग कॉलेजों में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के रूप में नौ शिक्षकों का चयन हुआ है. कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने इस संदर्भ में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. इसके तहत नौ कार्यक्रम अधिकारी का चयन हुआ है, जिसकी अवधि तीन वर्षों की है. एक वर्ष का विस्तार उन कर्मियों को दिया गया है, जिनकी एनएसएस अच्छी और संतोषजनक सेवा रही है. दूसरी ओर एनएसएस के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ. विकास कुमार ने इस संदर्भ में संबंधित कॉलेज के प्राचार्य को पत्र लिखा है. इसमें पूजा गुप्ता, नीतीश्वर कॉलेज, कुमार देवेश आरएन कॉलेज हाजीपुर, डॉ दीपक कुमार एलएन मिश्र कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, डॉ पंकज राय, जेबीएसडी कॉलेज बकुची, डॉ सौरभ राज, आरडीएस कॉलेज, डॉ अनामिका आरएमएलएस कॉलेज, डॉ रंजन कुमार, तिरहुत फिजिकल एजुकेशन कॉलेज, डॉ राजीव कुमार सिंह एबीएस कॉलेज लालगंज, डॉ रविरंजन सिंह एलएनडी कॉलेज मोतिहारी शामिल हैं.

**Ref:.....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 28.01.2025, PAGE-04


# हमारा देश खेल समेत कई क्षेत्रों में बढ़ रहा आगे : वीसी



दो दिवसीय खेल कुंभ का उद्घाटन करते कुलपति .

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

जिला स्कूल मैदान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मुजफ्फरपुर महानगर इकाई की ओर से दो दिवसीय खेल कुंभ की शुरुआत हुई. यह कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगी, जिसमें कबड्डी, रस्सी दंगल, खो –खो, ऊंची कूद, लंबी कूद एवं दौड़ का आयोजन होगा. कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश चंद्र राय, जिला स्कूल के प्राचार्य जीबू झा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ ममता कुमारी, प्रांत उपाध्यक्ष डॉ आभा रानी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सानविका कुमारी, महानगर मंत्री अभिनव राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि हमारा देश खेल की तरफ बढ़ रहा है, जहां पहले ओलंपिक जैसे खेलों में भारत की भूमिका नगण्य रहती थी. वहीं वर्तमान में भारत का प्रभाव खेल सहित सभी क्षेत्रों में बढ़ रहा है. राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ ममता कुमारी ने कहा कि यह कार्यक्रम खेल कुंभ के नाम से राष्ट्रीय स्तर पर देश के विभिन्न शैक्षणिक परिसरों इसका आयोजन किया जा रहा है. उसी क्रम में मुजफ्फरपुर महानगर में आज इस खेल कुंभ का आयोजन किया गया है. इस दौरान मंच संचालन पुष्कर सिंह ने किया. मौके पर कार्यक्रम संयोजक सुभाष कुमार, सुशांत सिंह, राहुल कुमार, कार्तिक पांडे, केसर कुमारी, वर्षा कुमारी, दीपाशा कुमारी, अंजलि कौशिक, श्वेता कुमारी उपस्थित थी.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**

**DATE: 28.01.2025, PAGE-06**


## विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर 100 फुट का राष्ट्रध्वज फहराया

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में व मुख्य अतिथि, पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन की उपस्थिति में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई. विश्वविद्यालय के कुलपति ने झंडोत्तोलन किया. इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय में स्थापित 100 फुट के राष्ट्रध्वज को फहराया. इस अवसर पर कुलगीत के रचयिता विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ राकेश रंजन और कुलगीत को संगीतबद्ध करने वाली टीम के नेतृत्वकर्ता डॉ राकेश मिश्र द्वारा नवसृजित कुलगीत का गायन किया गया. विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. विनय शंकर राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया. छात्र कल्याण प्रो. आलोक प्रताप सिंह, सीसीडीसी प्रोफेसर मधु सिंह और कुलसचिव प्रोफेसर अपराजिता कृष्ण, डॉ. अमर बहादुर शुक्ल सहित पदाधिकारी, कमर्चारी उपस्थित थे.